आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 08.04.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– चारधाम यात्रा पर उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की प्राथमिकता। अब तक 25 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने कराया पंजीकरण।
- केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर और घरेलू एलपीजी सिलेंडर की मूल्य में 50 रुपये की बढ़ोतरी की।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत आज से प्रदेशभर में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।
- कुमाऊं मंडल के मुख्य वन संरक्षक डॉ. धीरेंद्र पांडे ने सभी से वन संपदा की सुरक्षा के लिए निरंतर सतर्क रहने का आह्वान किया है।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– वेव्स सम्मेलन एक से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

चारधाम यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार इस बात के लिए कृतसंकल्पित है कि देवभूमि उत्तराखंड आने वाले सभी तीर्थयात्री, श्रद्धालु और पर्यटक चारों धामों के दर्शन करें। मुख्यमंत्री ने टपकेश्वर महादेव मंदिर में आगामी चार धाम यात्रा के सफल संचालन के लिए आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में प्रतिभाग करते हुए ये बात कही। उन्होंने बताया कि यात्रा की तैयारियों को लेकर वह आज प्रशासन की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष की यात्रा के लिए अब तक 25 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। राज्य में बारहमासी पर्यटन पर बोलते हुए श्री धामी ने कहा कि अब उत्तराखंड में 12 महीने चार धाम यात्रा संचालित होगी, जो राज्य की संस्कृति और पर्यटन की उन्नति के साथ ही आर्थिकी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

केदारनाथ यात्रा

आगामी दो मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा के लिए पुलिस ने कमर कस दी है। कपोटोद्घाटन से लेकर शुरूआती 40 दिन के लिए पुलिस ने कार्ययोजना तैयार करते हुए भीड़ प्रबंधन पर जोर दिया है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने बताया कि यात्रा के दौररान जिले में बैरियर और पोस्टों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे।

पेट्रोल/डीजल

सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। हालांकि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में आज बताया कि उत्पाद शुल्क में इस वृद्धि का प्रभाव उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये की वृद्धि आज से प्रभावी होगी। श्री हरदीप पुरी ने कहा कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में 50 रुपये की वृद्धि की गई है। श्री पुरी ने कहा कि आज से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए गैस सिलेंडर का मूल्य 550 रुपये और अन्य के लिए 853 रुपये होगा।

एल्बेंडाजोल

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत आज से प्रदेशभर में एक से 19 वर्ष तक के 36 लाख से अधिक बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। सरकार ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों, मुख्य शिक्षाधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही दूरस्थ क्षेत्रों और मलिन बस्तियों में सघन अभियान चलाकर बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दवा से वंचित रह जाने वाले बच्चों को 16 अप्रैल को होने वाले मॉप अप दिवस पर अनिवार्य रूप से कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी।

पोषण पखवाड़ा

कुपोषण दूर करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अंतर्गत महिला और बाल विकास मंत्रालय आज से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण शुरू करेगा। महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर कल वर्चुअल माध्यम से 18 भागीदार मंत्रालयों और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।

वन संरक्षक

कुमाऊं मंडल के मुख्य वन संरक्षक डॉ. धीरेंद्र पांडे ने सभी से वन संपदा के संरक्षण के लिए निरंतर सतर्क रहने का आह्वान किया है। वे कल अल्मोड़ा वन प्रभाग के रानीखेत रेंज और ताड़ीखेत मॉडल क्रू स्टेशन के भ्रमण पर थे।

आकाशवाणी से बातचीत में श्री पांडे ने कहा कि इस बार वन्यजीवों और जंगलों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए ड्रोन, कैमरे और मुखबिर तंत्र का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रयासों का उद्देश्य समय रहते आवश्यक उपायों को लागू कर आग की घटनाओं को रोकना है।

वेव्स

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि विश्व दृश्य–श्रृव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स पहली मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में श्री वैष्णव ने कहा कि डिजिटल इंडिया से देश के हर कोने में डिजिटल तकनीक पहुंचने से देश में एक बहुत मजबूत रचनात्मक अर्थव्यवस्था तैयार हो रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कारण छोटे से छोटे गांव के युवाओं को अवसर मिल रहे हैं। श्री वैष्णव ने बताया कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था में निवेश के लिए दुनिया भर के निवेशक इस शिखर सम्मेलन में आ रहे हैं।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

देश में रसोई गैस हुई महंगी, पेट्रोल डीजल पर आयात शुल्क बढ़ा– इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा लिखता है कि वृद्धि शुल्क आज से लागू, खुदरा कीमतों पर नहीं होगा असर...

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से अमर उजाला समाचार पत्र लिखता है कि– चारधाम यात्रा मार्ग वाले जिलों की सभी सड़कें 15 दिन में हो गड्ढामुक्त। कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह से किया जाए सक्रिय।

कर्णप्रयाग रेल लाइन बनेगी राज्य की लाइफ लाइन– दैनिक जागरण का शीर्षक– खबर के मुताबिक सांसद अनिल बलूनी ने परियोजना की तीन सुरंगों का किया निरीक्षण, समय पर परियोजना का काम पूरा करने के निर्देश...

देहरादून में ओवरलोड बस के पलटने से छात्र समेत दो की मौत– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ लिखता है कि विकासनगर जा रही 22 सीटर बस में सवार थे 40 से अधिक यात्री...

जुलाई में 11 जिलों में तैनात होंगे आपदा मित्र– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है कि संवेदनशील इलाकों में राहत व बचाव दलों के पहुंचने से पहले आपदा मित्र होंगे तैनात...